आकाशवाणी चंडीगढ़

18 अप्रैल 2025, समय 1810

- यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि गत 10 वर्षों में इलैक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 5 गुना वृद्धि हुई है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने लोगों से श्री गुरु बहादुर जी के आदर्शों, शिक्षाओं और वाणी को अपने जीवन में धारण करने का आह्वान किया है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि मुस्लिम समाज, वक्फ संशोधन क़ानून के पक्ष में है।
- हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि अंबाला छावनी के फुटबॉल स्टेडियम और हर मौसम अनुकूल तरणताल के रखरखाव से संबंधित तकनीकी बाधाओं को दूर किया जायेगा।
- हरियाणा स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ॰ कुलदीप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में लिंगानुपात में सुधार के लिए सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में पांच गुना वृद्धि हुई है। आज गुड़गांव के मानेसर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल के कारण इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल आया है।

*10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग फाइव टाइम्स बढ़ी है और इलेक्ट्रॉनिक के एक्सपोर्ट सिक्स टाइम्स बढे हैं। करीब 25 लाख लोग रोजगार में है इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में। इलेक्ट्रॉनिक की डिजाइन कैपेबिलिटी भारत में आने लगी है। टेलीकॉम के नेटवर्क इक्विपमेंट, एआई कैमरास, ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रॉनिक से रिलेटेड प्रोडक्ट्स, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक से रिलेटेड प्रोडक्ट्स इन सब का डिजाइन, मैन्युफैक्चर भारत में होने लगा है।*

–

श्री वैष्णव ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी दी है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत होगा तथा रोजगार में वृद्धि होगी।

*हाल ही में प्रधानमंत्री जी ने कैबिनेट में इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स स्कीम अप्रूव की है। उससे और भी डेप्ट बढ़ेगी और जिस तरह का ग्लोबल मार्केट में भारत के प्रोडक्ट्स की रिलायबिलिटी और दूसरा आईपी राइट्स को रिस्पेक्ट करने की एक एडवांटेज है। इसमें यूथ काम में लगे हैं उन सबके लिए नई अपोर्चुनिटी है।*

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से श्री गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों, शिक्षाओं और वाणी को अपने जीवन में धारण करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री आज श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा कुरुक्षेत्र के गांव बीड मथाना में गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी को गुरु जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा-

श्री नायब सिंह ने कहा कि आज हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं, आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी कुरुक्षेत्र से इसी मार्ग से होते हुए लौहगढ़ पहुंचे थे। श्री गुरु तेग बहादुर जी के साथ-साथ सभी गुरुओं की वाणी और इतिहास को संजोने के लिए कुरुक्षेत्र में भव्य और सुंदर संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव बीड मथाना के श्री गुरु तेग बहादुर प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने गांव के श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में माथा भी टेका और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए अरदास की । गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सरोपा और स्मृति चिन्ह भैंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून मुस्लिमों के हित में है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज जिला कुरुक्षेत्र के गांव बीड मथाना में पत्रकारों से बातचीत

कर रहे थे। वक्फ संशोधन कानून को लेकर  कांग्रेस पर घटिया स्तर की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जिनकी राजनीतिक दुकानदारी इससे चलती थी वह इसका विरोध कर रहे हैं अन्यथा मुस्लिम समाज इसके पक्ष में है। उन्होंने कहा -

कांग्रेस द्वारा रॉबर्ट वाड्रा मामले में जांच का विरोध करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर व्यक्ति सही है तो उसे जांच में सहयोग करना चाहिए। और अगर कहीं गलत हुआ है तो जांच की ही  जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सरकार पर तंग करने के आरोप लगाए थे, लेकिन आखिर में अदालत के आदेशों के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा चुपके-चुपके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की,  सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की नीति की प्रशंसा की जा रही है, लेकिन विपक्ष को मजबूरन अपना वजूद बनाये रखने के लिए धरना प्रदर्शन करके खानापूर्ति करनी पड़ रही है।

****************************************************************************

हरियाणा  के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज  रोहतक जिले के किलोई गांव में शिव कुमार मैमोरियल बास्केटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अपने संबोधन में  सरकार की ओर से खेल और खिलाड़ियों के हित में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खेल गतिविधियों को ब□ावा देने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। हरियाणा में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने के लिए 550 नए पद सृजित किए गए हैं। साथ ही खिलाड़ियों को 593 करोड़ रूपए के नकद पुरस्कार भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 29 हजार  खिलाड़ियों को वर्ष 2014 से लेकर अब तक  53 करोड़ 45 लाख रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। श्री नायब सिंह सैनी ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

****************************************************************************

हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने आज अम्बाला छावनी में वार हीरोज स्टेडियम का जायजा लिया। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। खेल मंत्री ने कहा कि उन्होंने हर मौसम के

अनुकूल तरणताल के साथ-साथ फुटबाल स्टेडियम का भी जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों के रखरखाव से सम्बन्धित जो तकनीकी बाधा है उसे दूर किया जाएगा ताकि खिलाडियों को और बेहतर सुविधा मिल सके।

**********************************************************************

हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मना रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने बताया कि यह पोषण पखवाड़ा बच्चे के जीवन के पहले 1,000 दिनों पर केंद्रित है क्योंकि यह बाल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है। इस दौरान प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में छह वर्ष तक के बच्चों के लिए वजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों को पोषण पखवाड़े के दौरान गांव-गांव तक संतुलित आहार , एनीमिया और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। मातृत्व पोषण और स्तनपान के लिए जागरूक करने के लिए चलाई जा रही गतिविधियों के अलावा दो वर्ष तक के बच्चों का घर-घर जाकर टीकाकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इसको लेकर एक कैलेंडर भी तैयार किया गया है जिसके अनुसार सभी सुपरवाइजर अपने अपने सर्कल में गतिविधियां करवा रही हैं।

**********************************************************************

हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में लिंगानुपात में सुधार के लिए सभी जिलों को सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना होगा और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।उन्होंने बताया कि इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचकूला में आयोजित एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला व समीक्षा बैठक में 100 से अधिक संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। उनको बताया गया कि जिन महिलाओं के पहले से ही एक या दो बेटियां हैं उन पर अधिक नजर रखने की आवश्यकता है। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि किस तरह से आधुनिक यंत्रों के सहयोग से लिंग चयन करवाने जा रहे परिवार की पहचान की जा सके। महानिदेशक ने कहा -

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय लिंगानुपात को लेकर लगातार हरियाणा प्रदेश का संज्ञान ले रहे हैं ताकि लिंगानुपात में सुधार लाकर इसे 910 से 15 से 20 अंक

का इजाफा किया जाए। लिंगानुपात जो प्राकृतिक रूप में 954 होना चाहिए उसे आने वाले समय में प्राप्त किया जा सके।

*************************************************************************